भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4214
(29 मार्च, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए)

असम में मनरेगा के अंतर्गत सौ दिन का कार्य

4214. श्री अब्दुल खालेक:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत पंजीकृत सभी श्रमिकों को सौ दिन का कार्य दिया गया है एवं यदि हां , तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) असम सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान मनरेगा के तहत सौ दिनों का कार्य पाने वाले श्रमिकों की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(ग) वर्ष 2019 से आज की तारीख तक बारपेटा और बोंगाइगांव जिलों में मनरेगा के तहत कार्य करने वाले श्रमिकों की राज्य-वार और जिले-वार संख्या कितनी है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) और (ख): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) मांग आधारित मजदूरी रोजगार कार्यक्रम है जो प्रत्येक परिवार जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हैं, को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिन का गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान करके देश के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा में वृद्धि करता है। यह ग्रामीण परिवारों को उस समय आजीविका सुरक्षा अर्थात आजीविका का मुश्किल समय में विकल्प प्रदान करता है जब कोई बेहतर रोजगार अवसर उपलब्धा न हो।

वित्तीय वर्षों 2018-19, 2019-20 और 2020-21 में महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत 100 दिनों का रोजगार पूरा करने वाले परिवारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार (असम सहित) संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है।

(ग): वित्तीय वर्षों 2018-19, 2019-20, 2020-21 और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021-22 में महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने वाले कामगारों की जिला-वार (बारपेटा एवं बोंगईगांव जिले सहित) संख्या (दिनांक 24.03.2022 की स्थिति के अनुसार) **अनुबंध-II** में दी गई है।

लोक सभा में दिनांक 29.03.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 4214 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-I

वित्तीय वर्ष 2018-19, 2019-20 और 2020-21 में महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत 100 दिनों का रोजगार पूरा करने वाले परिवारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या				
क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**100 दिनों का रोजगार पूरा करने वाले परिवार (लाख में)**		
		2018-19	**2019-20**	**2020-21**
1	आंध्र प्रदेश	8.67	5.82	8.65
2	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0.04
3	असम	0.18	0.3	0.72
4	बिहार	0.25	0.2	0.35
5	छत्तीसगढ	4.28	4.18	6.12
6	गोवा	0	0	0
7	गुजरात	0.34	0.13	0.17
8	हरियाणा	0.04	0.05	0.14
9	हिमाचल प्रदेश	0.7	0.61	0.89
10	जम्मू और कश्मीर	0.38	0.13	0.23
11	झारखंड	0.26	0.31	1.14
12	कर्नाटक	2.11	1.87	2.41
13	केरल	4.42	2.51	4.7
14	लद्दाख	0	0.01	0.01
15	मध्य प्रदेश	0.77	0.91	3.23
16	महाराष्ट्र	1.92	1.24	1.37
17	मणिपुर	0	0.01	0.04
18	मेघालय	1.61	1.81	1.74
19	मिजोरम	0.82	1.58	1.79
20	नागालैंड	0	0	0
21	ओडिशा	0.47	1.61	4.18
22	पंजाब	0.07	0.08	0.28
23	राजस्थान	5.88	8.49	12.31
24	सिक्किम	0.05	0.04	0.06
25	तमिलनाडु	2.6	1.21	1.79
26	तेलंगाना	2.27	1.76	3.42
27	त्रिपुरा	0.15	0.55	1.16
28	उत्तर प्रदेश	0.72	1.33	7.79
29	उत्तराखंड	0.26	0.22	0.48
30	पश्चिम बंगाल	13.37	3.66	6.79
31	अण्डमान और निकोबार	0	0	0
32	लक्षद्वीप	0	0	0
33	पुदुचेरी	0	0	0
34	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	0	0	0
	कुल	**52.6**	**40.61**	**72**

लोक सभा में दिनांक 29.03.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 4214 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-II

वित्तीय वर्षों 2018-19, 2019-20, 2020-21 और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021-22 (24.03.2022 की स्थिति के अनुसार) में महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने वाले कामगारों की जिला-वार (बारपेटा एवं बोंगईगांव जिले सहित) संख्या

क्र. सं.	**जिले**	**रोजगार प्राप्त करने वाले कामगार (लाख में)**			
		2018-19	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22 (24.03.22 की स्थिति के अनुसार)**
1	बक्सा	1.14	1.10	0.94	1.03
2	बारपेटा	**1.90**	**1.62**	**2.01**	**2.85**
3	बिश्वनाथ	0.44	0.77	1.08	1.12
4	बोंगईगांव	**0.55**	**0.46**	**0.81**	**0.67**
5	कछार	0.63	1.18	1.50	1.14
6	चराइदेव	0.27	0.20	0.40	0.37
7	चिरांग	0.87	0.86	0.77	0.85
8	दरांग	0.55	0.61	1.32	1.78
9	धेमाजी	1.23	1.48	1.94	2.25
10	धुबरी	1.26	1.63	2.40	2.13
11	डिब्रूगढ़	1.06	1.11	1.60	1.43
12	दीमा हसाओ	0.10	0.15	0.26	0.20
13	गोलपाड़ा	0.58	0.46	0.97	1.15
14	गोलाघाट	0.88	0.95	1.20	1.26
15	हैलाकांडी	0.35	0.41	1.03	1.23
16	होजाई	0.42	0.68	0.73	0.82
17	जोरहाट	0.49	0.50	0.68	0.66
18	कामरूप	0.95	1.05	1.62	1.59
19	कामरूप (मेट्रो)	0.07	0.06	0.08	0.09
20	कार्बी आंगलोंग	0.69	0.84	1.22	1.04
21	करीमगंज	0.86	1.03	1.40	1.41
22	कोकराझार	1.20	1.16	1.02	1.13
23	लखीमपुर	1.51	1.95	2.07	2.10
24	माजुलि	0.31	0.39	0.40	0.36
25	मोरीगांव	1.47	0.99	1.40	1.51
26	नगांव	1.23	1.33	1.75	2.11
27	नलबाड़ी	0.66	0.85	1.17	0.97
28	शिवसागर	0.47	0.44	0.61	0.78
29	सोनितपुर	0.50	1.27	1.14	1.09
30	दक्षिण सलमारा-मनकचारी	0.14	0.36	0.60	0.63
31	तिनसुकिया	0.59	0.55	0.96	0.88
32	उदलगुड़ी	1.23	1.27	0.63	1.31
	कुल	**24.59**	**27.71**	**35.73**	**37.95**